## दिनांक 27.03.2023 को आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति :-

दिनांक 27.03.2023 को सायं 6.00 बजे से विकास भवन के सभा कक्ष में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी वाराणसी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, एल0एण्ड टी0 के प्रतिनिधि, श्री शत्रुघ्न कुमार व श्री अमित कुमार सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ,जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, श्री विवेक कुमार लैब इंचार्ज तथा सभी आई0एस0ए0 के टीम लीडर उपस्थित थे।

बैठक में एल0एण्ड टी0 के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि विकास खण्ड पिण्डरा के अनौरा में ग्रामीणों द्वारा मशीन वापस भ्कर दिया गया है तथा कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। इसी प्रकार भेलखा में आवंटित भूमि के सम्बन्ध में लेखपाल द्वारा बताया गया कि उक्त भूमि गो-रक्षा की है, जिसपर पेयजल परियोजना का कार्य नहीं कराया जायेगा। विकास खण्ड पिण्डरा के भोपतपुर में सिंचाई विभाग की जर्जर टंकी को हटवाये जाने के उपरान्त ही परियोजना का कार्य प्रारम्भ कराया जा सकेगा। एल0एण्ड टी0 के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त आवंटित भूमि की खतौनी के साथ उप जिलाधिकारी पिण्डरा से सम्पर्क कर प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें तथा सिंचाई विभाग के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता से सम्पर्क कर जर्जर टंकी के हटाये जाने की कार्यवाही कराकर प्रकरण का निस्तारण करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं परि0प्र0 एल0एण्ड टी0।**

एल0एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी मजदूरों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है और न ही पर्याप्त संख्या में मशीनें लगाई जा रही है, जिसके कारण अभी तक मात्र 26 परियोजनाओं को ही पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराई जा रही है। दिनांक 16.02.2023 को आयोजित समीक्षा बैठक में परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा आश्वस्थ किया गया था कि आगामी सप्ताह तक कुल 35 परियोजनाओं को पूर्ण करा लिया जायेगा किन्तु दिनांक 27.03.2023 तक मात्र 26 परियोजनाओं को ही पूर्ण कराया जा सका है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सभी परियोजनाओं पर लगभग 1300 से 1500 मजदूर ही कार्यरत हैं जबकि पहले से अधिक परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ है। प्रारम्भ कार्य के सापेक्ष और मजदूरों की संख्या बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में कुल 262 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है एवं 234 परियोजनाओं के नलकूप निर्माण का कार्य प्रारम्भ है जिसके सापेक्ष अभी तक 146 नलकूप का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा 62 मोटर पम्प अधिष्ठापित करा दिया गया है जिसके सापेक्ष 26 परियोजनाओं को क्रियाशील कराकर जलापूर्ति कराई जा रही हैं। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं पर मजदूरों एवं आवश्यकतानुसार मशीनों की संख्या बढ़ाकर तीव्रगति से कार्य कराते हुए यथाशीघ्र परियोजनाओं को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करायें। साथ ही 62 अधिष्ठापित मोटर पम्प के सापेक्ष आगामी सप्ताह तक कम से कम 50 परियोजनाओं को पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करायें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं को पूर्ण कराये जाने में विलम्ब/ शिथिलता के लिए उनके भुगतान में पेनाल्टी निर्धारित कर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करें, एल0एण्ड टी0 द्वारा दिनांक 31.03.2023 तक 134 परियोजनाओं को पूर्ण किया जाना था जो निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण नहीं कराया जा सका है। निरन्तर निर्देश दिये जाने के बावजूद भी समयान्तर्गत कार्यों को पूर्ण नहीं कराये जाने के लिए विपरीत स्थिति/ परिस्थिति की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एल0एण्ड टी0 संस्था की होगी।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं परि0प्र0 एल0एण्ड टी0।**

एल0एण्ड टी0के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 35 सोलर सेट तथा 27 DG सेट (40 के0वी0) उपलब्ध है, जिसमें 19 परियोजनायें सोलर से तथा 07 परियोजनायें DG सेट से संचालित हो रही है। यह भी बताया गया कि 110 सोलर सेट और प्राप्त हुआ है जो अभी स्टोर में रखा है। यह भी बताया गया कि 34 ओवर हेड टैंक का कार्य प्रगति पर है जिसमें 24 का कार्य पूर्ण है। 26 पूर्ण परियोजनाओं में 18 परियोजनाओं में ओवर हेड टंकी के माध्यम से तथा 08 परियोजनाओं में डायरेक्ट नलकूप से जलापूर्ति कराई जा रही है तथा सभी 26 परियोजनाओं में समस्त हाउसहोल्डरों को कनेक्शन दिया गया है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि अवशेष सोलर पैनेल तथा DG सेट को अधिष्ठापित कराकर अधिक से अधिक परियोजनाओं को संचालित कराना सुनिश्चित करायें तथा पूर्ण ओवर हेड टैंक के माध्यम से जलापूर्ति करायें. तथा जिन परियोजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है उसमें क्लोरिनिकेशन भी करायें। साथ ही आई0एस0ए0 के सदस्यों का सहयोग प्राप्त कर शत-प्रतिशत कनेक्शन कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं परि0प्र0 एल0एण्ड टी0/आइ0एस0ए0 टीम लीडर।**

CamScanner

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 1226 राजस्व ग्रामों में 5–5 प्रशिक्षित महिलाओं की गठित टीम द्वारा जल के गुणवत्ता की जाँच FTK से कराई जा रही है तथा रिपोर्ट सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। श्री विवेक, लैब इंचार्ज द्वारा बताया गया कि अभी तक लगभग 5000 से अधिक पेयजल की जाँच की जा चुकी है तथा लगभग 600 सैम्पल जाँच हेतु अवशेष है। जाँच किये गये जल स्रोतों में 247 में फ्लोराइड तथा आयरन पाया गया है, जिसका पानी पीने के अतिरिक्त अन्य प्रयोग में ही लाया जा सकता है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि राजस्व ग्रामों में तैनात 5–5 महिलाओं की टीम तथा आई0एस0ए0 के सदस्यों के माध्यम से हैण्डपम्प के साथ पेयजल परियोजनाओं के जल की गुणवत्ता की जाँच FTK द्वारा दिनांक 15.04.2023 तक कराकर सम्बन्धित पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड कराना सुनिश्चित करायें तथा FHTC के 3–3 ग्राम पंचायतों की जाँच भी करायें। श्री विवेक को निर्देशित किया गया कि अवशेष सैम्पल की जाँच 15.04.2023 तक कर रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा अत्यधिक फ्लोराइड एवं आयरन वाले जल स्रोतों की विकास खण्डवार सूची तैयार कर जिला विकास अधिकारी,वाराणसी को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें। जिला विकास अधिकारी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा CSR मद से आर0ओ0 प्लान्ट का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें जिससे कि उक्त समस्या के निराकरण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराई जा सके।

**कार्यवाही –जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/श्री विवेक लैब इंचार्ज।**

एल0एण्ड टी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल परियोजनाओं के कैम्पस में मिट्टी भराई का कार्य एल0एण्ड टी0 के डी0पी0आर0 में सम्मिलित नहीं है परन्तु लगभग सभी परियोजनाओं में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाना आवश्यक है। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम 18 परियोजनायें जिनका लोकार्पण मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा इसी माह में किया गया है, में तालाब/भीटा से मिट्टी उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से पत्राचार कर एल0एण्ड टी0 से मिट्टी का ऑकलन कराकर मिट्टी भराई का कार्य नियमानुसार कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी/ परि0प्र0 एल0एण्ड टी0।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि 32 परियोजनाआ के विद्युत लाईन शिफ्टिंग हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड से स्टीमेट मॉगे गये हैं। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड से वार्ता किये जाने पर बताया गया कि 27 स्टीमेट मुख्य अभियन्ता महोदय,वाराणसी क्षेत्र वाराणसी के कार्यालय में स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है जो अभी अप्राप्त है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता से सम्पर्क कर सभी स्टीमेट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्र0 एल0एण्ड टी0**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 21 पुरानी परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्ड ओवर किया जाना है जो वर्तमान में जल निगम (ग्रामीण) के अनुरक्षणाधीन संचालित है। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रेट्रोफीटिंग के अन्तर्गत जिन परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्ड ओवर किया जाना है, उन ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित करायें तथा सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से उन पेयजल परियोजनाओं का सत्यापन भी करा लें कि किन कमियों/ कारण से ग्राम पंचायत द्वारा हैण्ड ओवर नहीं किया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि हग्राम पंचायतों को हैण्ड ओवर होने वाली परियोजनाओं में पाई गई कमियों को पूर्ण कराते हुए शत–प्रतिशत लाभार्थियों को कनेक्शन देना सुनिश्चित करेंगे।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)**

परियोजना प्रबन्धक मेधज (टी.पी.आइ.) द्वारा परियोजनाओं के निरीक्षण में विभिन्न कार्यों से सम्बन्धित कुल 356 कमियाँ पाई गई जिसके निराकरण हेतु एल0एण्ड टी0 को प्रेषित किया गया है, जिसमें कुल 156 कमियों का निराकरण एल0एण्ड टी0 द्वारा कराया गया है तथा 200 कमियों का निराकरण कराया जाना अभी शेष है। उक्त कमियों के निराकरण हेतु निरन्तर निर्देशित किया जा रहा है परन्तु कमियों के निराकरण में शिथिलता बरती जा रही है। यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि टी.पी.आइ. तथा डी0पी0एम0यू0 द्वारा किये गये निरीक्षण में अब तक पाई गई अवशेष कमियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करायें तथा निराकृत कमियों का विवरण लिखितरूप से सम्बन्धित को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0/टी.पी.आइ./डी0पी0एम0यू0।**

CS CamScanner

एल0एण्ड टी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़े गये सड़क/सी0सी0रोड/खड़ंजा के मरममत कराये जाने हेतु एल0एण्ड टी0 एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को सूची प्रेषित की गई है परन्तु अभी भी मरम्मत हेतु सड़के अवशेष हैं, जिसका मरम्मत कराया कराया जाना आवश्यक है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) तथा परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि तोड़े गये सड़कों के मरम्मत का कार्य मानक के अनुरूप कराकर अनुपालन की स्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करायें।

कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्र0 एल0एण्ड टी0

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

29/3/23

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 4893/ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2022–23 दिनांक– 29 मार्च,2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड,उ0प्र0 जल निगम,वाराणसी।
4 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
6 – जिला समन्वयक अधिकारी डी0पी0एम0–वाराणसी।
7 – श्री विवेक कुमार, लैब इंचार्ज द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)वाराणसी।
8 – समस्त आई0एस0ए0 टीम लीडर द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

29/3/23

CamScanner